**श्रीमती अनिता यादव, मुख्य विकास अधिकारी, अयोध्या द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत हर घर जल के संबंध में की गई समीक्षा बैठक दिनांक–22.11.2022 का कार्यवृत्ति / दिये गये महत्त्वपूर्ण निर्देश बिन्दु।**

दिनांक 22.11.2022 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा हर घर जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर जल के संबंध में प्रगति की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम, सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता जल निगम, डी0सी0, डी0पी0एम0यू0 तथा चयनित एजेन्सी मेसर्स गायत्री रैम्की (जे0वी0), मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग सर्विस के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में की गयी चर्चा एवं दिये गये निर्देशानुसार सभी संबंधित अधिकारी कृपया निम्न बिन्दुओं पर तत्काल अपेक्षित कार्यवाही करते हुए अनुपालन आख्या प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

- जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद अयोध्या में 3,66,040 Total rural household हैं, परन्तु अभी तक 28383 household tap connections कराये गये है, जो कि कुल household tap connections का 7.75 प्रतिशत है, यह प्रगति अत्यन्त ही असंतोषजनक है। निर्देश दिए गए कि सभी कार्यदायी संस्थाएं विशेष अभियान चलाकर लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करें।
- मेसर्स गायत्री रैम्की(जे0वी0) के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि एस0डब्लू0एस0एम0 द्वारा अभी तक 73 डी0पी0आर0 स्वीकृत हुए है, 10 डी0पी0आर0 अभी अवशेष है। 36 स्थलों पर कार्य चल रहा है। निर्देशित किया गया कि लक्ष्य के सापेक्ष अधिक से अधिक संख्या में श्रमिक लगाकर कार्य में प्रगति लाना सुनिश्चित करें।
- मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग सर्विस लि0, के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि एस0डब्लू0एस0एम0 के अब तक 103 प्राक्कलन स्वीकृत हो चुके है, जिसके सापेक्ष अब तक 22 स्थलों पर कार्य चल रहा है। निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक संख्या में श्रमिक लगाकर सर्वाधिक स्थलों पर सोमवार से कार्य प्रारम्भ करायें एवं लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ति सुनिश्चित करें।
- मेसर्स वी0एस0ए0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 द्वारा अवगत कराया गया कि एस0डब्लू0एस0एम0 द्वारा अभी तक 154 डी0पी0आर0 स्वीकृत हुए है, जिसके सापेक्ष 47 स्थलों पर कार्य चल रहा है। निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक संख्या में श्रमिक लगाकर लक्ष्य के सापेक्ष कार्य में प्रगति लाना सुनिश्चित करें।
- मेसर्स गायत्री रैम्की(जे0वी0), मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग सर्विस लि0 एवं मेसर्स वी0एस0ए0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 एवं मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग सर्विस लि0 के प्रतिनिधि को लक्ष्य के अनुरूप अधिक से अधिक household tap connections कराने के निर्देश दिए गए।
- डी0पी0एम0यू0 द्वारा अवगत कराया गया कि 23 राजस्व ग्राम पंचायतों में भूमि उपलब्ध नहीं हो सकी है, जिसके कम में उपजिलाधिकारी रूदौली, उपजिलाधिकारी बीकापुर, उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर व समस्त कार्यदायी संस्थाओं के साथ संयुक्त बैठक करने के निर्देश दिए गए।
- डी0पी0एम0यू0 द्वारा अवगत कराया गया कि मेसर्स गायत्री रैम्की(जे0बी0) द्वारा विकास खण्ड मसौधा की ग्राम पंचायत कन्दैला व विकास खण्ड सोहावल की ग्राम

पंचायत गौराब्रहमनान में लगायी गयी पानी की टंकी का कार्य पूर्ण हो जाने के बाद भी संचालन नहीं किया जा रहा है। उक्त के कम में मेसर्स गायत्री रैम्की(जे0बी0) के प्रतिनिधि को यथाशीघ्र संचालन कराने के निर्देश दिए गए।

- अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम को कवर एग्रीमेन्ट कराते हुए अधिक से अधिक संख्या में household tap connections कराने के निर्देश दिए गए।

बैठक के अन्त में सभी संबंधित को दिये गये निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करने हेतु निर्देशित किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

(अनिता यादव)
मुख्य विकास अधिकारी,
अयोध्या।

<u>कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, अयोध्या।</u>

पत्रांक– 1191 /समीक्षा बैठक–निर्देश/2022–23 दिनांक 25 नवम्बर, 2022

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– जिलाधिकारी, महोदय, अयोध्या को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2– अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम, अयोध्या को अनुपालनार्थ।
3– डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0, अयोध्या को अनुपालनार्थ।
4– मेसर्स गायत्री रैम्की(जे0बी0), मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग सर्विस, मेसर्स वी0एस0ए0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 द्वारा अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम को अनुपालनार्थ।

मुख्य विकास अधिकारी,
अयोध्या।